# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 24.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1- शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारीः-




अवगत कराना है कि दिनांक 12.11.2024 को वादिनी निवासिनी थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0- 720/2024 धारा- 69 बी0एन0एस0 बनाम शिवा पुत्र दुर्गा प्रसाद के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 24.12.2024 को उ0नि0 यशवीर सिंह व उ0नि0 अर्जुन सिंह थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त शिवा पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी मौ0 कोरियान मढ़ी बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 2- थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय कार चोर गिरोह के फरार चल रहे वांछित शातिर अभियुक्त को गिरफ्तारः-



अवगत कराना है कि दिनांक 23.12.2024 को थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा दौराने चैकिंग थाना सिविल लाइन्स पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 859/2024 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित चल रहे शातिर वाहन चोर अनिल पंवार पुत्र लाल बाबू कुमार निवासी आश्रम वाली गली सरकारी नगर थाना कोतवाली नगर जिला बुलन्दशहर को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलिज मुरादाबाद के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की कार ब्रेजा रंग सफेद, एक अदद तमंचा व 01 अदद कारतूस 315 बोर, 04 नेट कनैक्ट वाई-फाई डिवाईस, 08 ईसीएम डिवाईस, 01 अदद एलईडी टैबलेट, 01 अदद वायर डिवाईस, 04 लॉक गाडियो के, 10 टी-पेचकस, 10 औजार लॉक तोडने वाले व 41 चाबियाँ मारूति सुजूकी कार की , 05 अदद मोबाईल व 05 गाडियो की हाई-सिक्योरिटी नम्बर प्लेट बरामद हुई। अभियुक्त ने बताया कि यह कार उसने अपने साथी इशरार पुत्र बाबू निवासी फत्तेहउल्लाहपुर रोड़ थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ के साथ मिलकर डिफेन्स कालोनी रिंग रोड़ दिल्ली से चोरी की थी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**विवरण पूछताछः-**

पुलिस द्वारा पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मै अपने अन्य साथी आसु उर्फ आस मौहम्मद व राजू सिंह उर्फ योगेश व सरताज अहमद तथा इशरार के साथ मिलकर पुरानी खत्म हो चुकी गाडियो के कागज निकलवाकर उसी मॉडल की गाडी आस-पास के जिलो व राज्यो में तलाश करके उनके कम्प्यूटराईज लॉक तोड़कर कार चोरी कर लेते है तथा उनके रजिस्ट्रेशन नम्बर, इंजन व चैसिस नम्बर

बदलकर नये फर्जी कागज तैयार कर लेते है। जिनको कोई पहचान नहीं पाता है। हम लोग चोरी की गाडियाँ फाईनेन्स की बताकर आसानी से लोगो को बेच देते है। जिससे हमे काफी मुनाफा हो जाता है। हमने आशियाना क्षेत्र मुरादाबाद से एक कार ब्रेजा नम्बर UP23-AA-9832 चोरी की थी जिसमे मेरे साथी राजू सिंह उर्फ योगेश व सरताज को पुलिस ने चोरी की गाडियो के साथ गिरफ्तार कर लिया था तथा मै व मेरा साथी आस मौहम्मद मौके से भाग गये थे। उस दिन हमारा साथी रिन्कू हमारे साथ नही था, वह करीब एक साल से गाडी चोरी के मामले मे जिला मऊ की जेल मे बन्द है। आज जो ब्रेजा गाडी आपने मुझसे बरामद की है वह मैने इशरार के साथ मिलकर दिल्ली के डिफेन्स कॉलोनी रिंग रोड़ से चोरी की थी। आज मै मौका पाकर यह चोरी की कार बेचने के लिए ग्राहक की तलाश मे आया था कि आप ने मुझे पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. अनिल पंवार पुत्र लाल बाबू कुमार निवासी आश्रम वाली गली सरकारी नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 01 कार ब्रेजा,
2. एक अदद तमंचा मय 01 अदद कारतूस 315 बोर
3. 04 नेट कनैक्ट वाई-फाई डिवाईस
4. 08 ईसीएम डिवाईस
5. 01 अदद एलईडी टैबलेट
6. 01 अदद वायर डिवाईस
7. 04 लॉक गाडियो के
8. 10 टी-पेचकस
9. 10 औजार लॉक तोडने वाले
10. 41 चाबियाँ मारूति सुजूकी कार की
11. 05 अदद मोबाईल
12. 05 गाडियो की हाई-सिक्योरिटी नम्बर प्लेट

**अभियुक्त अनिल पुत्र लाल बाबू का आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0सं0 212/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना खन्दोली जनपद आगरा
2. मु0अ0सं0 721/2022 धारा 379 भा0द0वि0 थाना इन्द्रापुरम जनपद गाजियाबाद
3. मु0अ0सं0 13784/2022 धारा 379 भा0द0वि0 हर्ष विहार दिल्ली
4. मु0अ0सं0 16533/2022 धारा 379 भा0द0वि0 राजौरी गार्डन दिल्ली
5. मु0अ0सं0 206/2022 धारा 411/413/420/468/147/149/307 भा0द0वि0 थाना खन्दोली जनपद आगरा

6. मु0अ0सं0 859/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद
7. मु0अ0सं0 20184/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना एम0 वी0 थेफ्ट दिल्ली
8. मु0अ0सं0 404/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना शालीमार गार्डन जनपद गाजियाबाद
9. मु0अ0सं0 1089/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना इन्द्रापुरम जनपद गाजियाबाद
10. मु0अ0सं0 20679/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना आनन्द विहार दिल्ली
11. मु0अ0सं0 24234/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना एम0 वी0 थेफ्ट दिल्ली
12. मु0अ0सं0 14485/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 पश्चिम विहार दिल्ली
13. मु0अ0सं0 016533/22 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना राजौरी गार्डन दिल्ली
14. मु0अ0सं0 828/21 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट थाना कृष्णा नगर दिल्ली ,
15. मु0अ0सं0 37267/2018 धारा 379/411 भा0द0वि0 फ्रेश बाजार दिल्ली
16. मु0अ0सं0 1700/2017 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात
17. मु0अ0सं0 22833/2017 धारा 379/411 भा0द0वि0 फ्रेश बाजार दिल्ली
18. मु0अ0सं0 40760/17 धारा 379/411 भा0द0वि0 मानसरोवर पार्क दिल्ली
19. मु0अ0सं0 27999/2016 धारा 379/411/34 भा0द0वि0 आनन्द विहार दिल्ली
20. मु0अ0सं0 33414/26 धारा 379/411/34 भा0द0वि0 जामा मस्जिद दिल्ली

**गिरफ्तार करने वाली टीम थाना सिविल लाईन्सः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष सक्सैना थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
2. उ0नि0 श्री सतेन्द्र मलिक थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
3. उ0नि0 श्री लोकेन्द्र सिंह थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
4. का0 प्रेवश कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
5. का0 अंकित कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
6. का0 कुलदीप कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।